

नवभारत 08
इंदौर, शुक्रवार , 10 अक्टूबर , 2025

एक नजर में

## 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 25 तक योगाचार्य श्री बोहरा देवास शिविर में कराएंगे योग प्राणायाम



**बुरहानपुर।** समत्वम योग केन्द्र बुरहानपुर के तत्वधान में निःशुल्क व नियमीत योग कक्षा का संचालन विगत 4 वर्षो से चल रहा है। वर्तमान में यह केन्द्र गंगा गार्डन गोटीयापीर रोड बुरहानुपर पर सुबह 6 बजे 9 बजे तक संचालीत होकर स्थानिय साधक इस योग प्राणायाम शिविर का लाभ ले रहे है। इस समय बैंगलौर निवासी योगाचार्य पुरशोत्तम बोहराजी सभी साधको का मार्गदर्शन कर रहे है। योगाचार्य श्री बोहरा 83 वर्ष के होकर पुर्णतः निरोगी होकर आम साधको को नियमीत रूप से योग प्राणायाम की बारीकीयां सिखा रहे हे। बतादे कि उनके द्वारा अपने जीवनकाल में कभी किसी भी औषधी का सेवन नही किया हैं। आपके मार्गदर्शन में असाध्य रोग के रोगी भी ठीक होकर आज स्वस्थ है। आपका मानना है कि नियमीत योग प्राणायाम करने से व्यक्ति अपना जीवन निरोगी रूप से बिना किसी औषधी के जी सकता है। वर्तमान में जो योग साधक नियमीत रूप से जुडे हुवे है,वह अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव का अनुभव कर रहे हैं। श्री बोहरा का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति नियमीत रूप से योग प्राणायाम करे कुछ समय अपने स्वस्थ जीवन को देवे। उल्लेखनिय है कि पुरशोततम जी बोहरा द्वारा विदेशो में भी योग प्राणायम कराकर उसका लाभ पहुचा चुके है।

**एक सप्ताह देवास कार्यक्रम :**- योगाचार्य पुरशोततम जी बोहरा जी का 27 अक्टुबर से 2 नवंबर 25 तक नारयण कुटी सन्यास आश्रम देवास में एक शिविर में योग प्राणायम सिखाएगें। बुरहानपुर योग प्राणायाम शिविर में नियमीत सेवाए दे रहे सचिन गुप्ताजी एवं भरत शाह द्वारा यथावत सेवाए देते रहेगें। उपरोक्त जानकारी योग साधक सत्यनारायण लडडा द्वारा दी गई।

## संगीत साधना संस्था द्वारा दशहरा मिलन एवं गीत गायन की प्रस्तुति की



**किशोर कुमार की पुण्यतिथि 15 अक्टूबर को मनाई जाएगी**

**स्वास्थ्य,साहित्य एवं संगीत के क्षेत्र में तीन अलंकरण प्रदान किए जाएंगे**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले की एक मात्र प्रतिष्ठित संगीत एवं साहित्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही सोसाइटी द्वारा दशहरा मिलन का आयोजन किया गया इस अवसर पर संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के गायक कलाकारों द्वारा शानदार किशोर कुमार के गीतों पर प्रस्तुति दी गईएसंस्था प्रमुख विलास गोसावी ने बताया कि 15 अक्टूबर को किशोर कुमार जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी इस अवसर पर 'किशोर कुमारअलंकरण 2025 प्रदान किया जाएगा , जिस हेतु तैयारिया पूर्ण कर ली गई हैं। स्वास्थ,साहित्य एवं संगीत के क्षेत्र में महान विभूतियों की यह अलंकरण प्रदान किए जाएंगे एकार्यक्रम में संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के लगभग 32 गायक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी,आयोजन को लेकर भी यह कार्यक्रम महत्व पूर्ण थाएइस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती चित्र परआल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्य पूनमचंद पांडे,दिलीप जोशी,ठा वीरेंद्र सिंह चित्रकार,प्रदीप तिवारी,सैयद शकील मुन्ना भाई,रवि पांडे,मधुकर वाघले,बलराम सुखदाने, गुलाब सोनार,सुदामा इंगले आदि सदस्य उपस्थित थे।

## ग्राम ईच्छापुर में देव्हारी तालाब का व्यर्थ बहता पानी नही रोका तो खेती ओर पेयजल का गंभरी संकट होगा



**ईच्छापुर।** करोडो रूपए की लागत से देव्हारी तालाब लबालब भरने के बाद किसी अज्ञात व्यक्ती ने भरे हुए तालाब की चौबी लगाकर पानी छोडने से तालाब का पानी नदी की तरह बह रहा है। एक ओर भरी बारिश में तालाब खाली पडा था लेकीन अंतिम तीन चार बार जोरदार बारिश आने से तालाब मि पूर्ण भर गया । तालाब भरने पर किसानों के चेहरे खील गए थे मगर तालाब का पानी बहने से किसानों में आक्रोश दिखने लगा है। इसकी सुचना गांव वालो को लगते ही ग्रामीण तालाब की और जाने लगे। गांव के सरपंच प्रतिनिधी भी तालाब पर देखने पहुंचे , उन्होंने भी अपने तरफ से लाख कोसीश की मगर नहर से पाणी बन्द नहीं हुवा । सिचाई विभाग से भी तालाब पर पहुंचे लेकीन उनसे भी नहर का पानी बंद नहीं हुवा , यदी तालाब का व्यर्थ बहता पाणी बन्द नहीं हुवा तो भरा हुवा पाणी पुरा खाली होगा । ग्राम के पूर्व सरपंच संजय पवार और विजय सपकाले ने बताया तालाब के आस.पास जो भी जमीन बंझर पड़ी है उसमें जेसीबी लगाकर खोदी जाये इस परिसर के किसान मुआवजा लेने के बावजूद भी फसल ले रहे है। यदी यह पानी बन्द नही हुवा तो किसानो के साथ.साथ गांव में पिने के पानी के लाले पड जायेगे। वैसे गांव पहले पानी के लिए तरस रहा था ,वैसे स्थिती होने में देरी नहीं होगी,ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग से शिध्र पानी रोकने की पहल करने का अनुरोध किया है।

## बच्चों की सुविधा के लिए स्कूल में लगवाए पंखे



**बुरहानपुर ।** बुरहानपुर की मानवता को समर्पित संस्था खुशी के पल ने बच्चों की सुविधा एवं शिक्षा प्राप्त करने मैं हो रही कठिनाई को देखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबाग स्कूल में पंखे लगवाएं ताकि बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके एवं उनका पूरा ध्यान शिक्षा में रहे संस्था की संयोजीका श्रीमती हरप्रीत कीर ने आगे बताया कि संस्था द्वारा समय.समय पर ऐसी जरूरत को पूरा करने की कोशिश की जाती है इसी के अंतर्गत जब संस्था को जानकारी मिली की स्कूल में कुछ पंखों की आवश्यकता है जिससे कि बच्चों को राहत मिल सके तभी संस्था ने तुरंत यह पंखे लगवाने का निर्णय लिया और अपना सहयोग प्रदान किया संस्था द्वारा बच्चों के बीच जाकर अपने कर कर्मों द्वारा यह कार्य किया गया एवं बच्चों को बिस्कुट आदि वितरित किए गए कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती तंवर मैडम,गुप्ता सर ,तोमर सर, बच्चों ने इस कार्य के लिए खुशी के पल संस्था का धन्यवाद किया एवं भविष्य में भी ऐसा सहयोग बच्चों को मिलता रहेगा ऐसी उम्मीद की कार्यक्रम में संस्था से जुड़ी सदस्य श्रीमती रिचा सलूजा, श्रीमती उषा माहेश्वरी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन श्री संजय गुप्ता सर ने किया।

# नगर पालिका में अब नहीं हो पाएगी दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार नियुक्ति

**भोपाल से उपसचिव मप्र शासन ने नगर पालिका, नगर निगमों को भेजा पत्र, मांगी वर्तमान कर्मचारियों की जानकारी**



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** प्रदेश की नगर निगमए नगर पालिकाए नगर परिषदों में अब दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं हो पाएगी। इसे लेकर मप्र सरकार के उपसचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने 8 अक्टूबर को एक पत्र जारी किया है जो प्रदेश के सभी नगर पालिकाए नगर परिषदए नगर निगमों के आयुक्त सीएमओ को भेजे हैं।

दरअसल नगर परिषद नगर निगमए नगर पालिकाओं में मनमाने तरीके से नियुक्ति की जाती रही है जबकि इस पर पहले से भी रोक है। नेपानगर नगर पालिका में जितने भी नपाध्यक्ष रहे उनके कार्यकाल में अपने अपने स्तर से कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, नतीजा यह रहा कि अब कर्मचारियों की संख्या करीब 300 हैए जिसमें अधिकांश अस्थायी हैं। जबकि नपा की आय के स्त्रोत नहीं है। मप्र सरकार से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति से ही कर्मचारियों का वेतन भुगतान होता है।

**जारी आदेश में सख्ती, कहा.कई नियुक्ति निर्देशों का उल्लंघनः**-उप सचिव की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि यह आदेश सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों,मंडलों, नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों और सहकारी संस्थाओं पर लागू होगा। मप्र सरकार वित्त विभाग द्वारा निर्देश के बाद भी शासन के ध्यान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकायों द्वारा दैनिक वेतन पर नियुक्तियां की गई हैए जो राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है इसलिए 28 मार्च 2000 के बाद नगरीय निकायों में नियुक्त किए गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का ववरिण मांगा गया है। इसके लिए बाकायदा एक प्रारूप भी बनाकर भेजा गया जिसे भरकर नगरीय निकायों को देना होगा।

**मोबाइल से लग रही अटेंडेंसः**-नगर पालिका नेपानगर में मोबाइल से अटेंडेंस लग रही हैए लेकिन कई कर्मचारियों के पास एंड्रायड मोबाइल नहीं है। ऐसे में साथी कर्मचारी के माध्यम से वह अटेंडेंस लगा रहे हैं। अस्थायी कर्मचारियों को भी इसी तरह अटेंडेंस लगाना है। कई कर्मचारियों को मोबाइल चलाना नहीं आता। एप्लीकेशन सही नहीं चलने से भी परेशानी आ रही है। नपा में कई नियुक्तियां मनमाने तरीके से हुई है। जबकि 2016 के बाद किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति पर प्रतिबंध है इसके बाद भी लगातार यहां नियुक्तियां होती रही है। वेतन वितरण को लेकर भी भेदभाव हो रहा है। किसी कर्मचारी को 26 तो किसी को पूरे 30 दिन का वेतन दिया जा रहा है। जबकि कुछ का 30 दिन का वेतन निकालने के लिए रसूखदारों की सुनवाई हो रही है।

**जानिए विभाग को क्यों जारी करना पड़ा आदेशः**-नगरीय प्रशासन विभाग को अब तक आधी अधूरी जानकारी भेजी जाती थीए लेकिन मोबाइल से अटेंडेंस लगने के बाद यह जानकारी सामने आई कि वर्तमान में कहां कहां कितने कितने कर्मचारी पदस्थ हैं। यह देखकर अफसर भी चौंक गएए क्योंकि नियुक्तियों पर प्रतिबंध है इसके बाद भी नगरीय निकायों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ी हुई है। अब इस मामले में उच्च स्तर से निर्णय होगा।

## फोटो से छेड़छाड़,मामला दर्ज

**नेपानगर।** भाजपा नेताओ की शिकायत पर नेपा थाना पुलिस ने देवरीमाल निवासी एक युवक पर बीएनएस की धारा 223 के तहत केस दर्ज किया है। दरअसल युवक ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो से छेड़छाड़ कर उसे वायरल किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन ने बताया इसे लेकर भाजपा नेताए कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा गया। बुधवार रात सभी नेपा थाने पहुंचे। यहां थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल को लिखित शिकायत की। जिसमें कहा गया कि देवरीमाल निवासी युवक मेहमूद पठान ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट की। इससे हमारे नेताओं का अपमान हुआ। थाना प्रभारी ने बताया शिकायत के तुरंत बाद ही आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर लिया गया। उसकी तलाश की जा रही है।

## पीएमश्री विद्यालय में दिलाई गई शपथ



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** पीएम श्री शासकीय उमावि नेपानगर में भारती राजस्व सेवा से नेपा लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में पदस्थ विनीत कुमार का आगमन हुआ। विनीत कुमार ने विद्यार्थियों से भ्रष्टाचार उन्मूलन और सतर्कता विषय पर चर्चा की। अंत में शालेय प्राचार्य अरूण महाजन,सभी छात्र,छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

## नगर निगम द्वारा फटाखा विक्रय हेतु भूखंड दुकानों का लॉटरी सिस्टम से आवंटन किया

**12 लाख 80 हजार वसूल कर 64 दुकानों की नीलामी की गई**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आगामी दीपावली पर्व को लेकर अस्थाई पटाखा दुकानों आवंटन की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा पूरी कर ली गई है नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के पर्व पर लायसेंस फ्टाखा विक्रेताओं को रेणुका माता मंदिर के पास निर्माणा धीन स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के सामने निगम स्वामित्व की भूमि पर में 10 बाय10 फीट के अस्थाई प्लॉट भूखण्ड बनाकर नगर पालिक निगम द्वारा दिनांक 11/10/2025 से 22/ 10/ 2025 तक की अवधि के लिये भूखण्डो का अस्थाई आवंटन लॉटरी पद्धति के माध्यम से दिनांक 09/10/2025 को प्रातः 10.00 बजे रेणुका माता मंदिर के पास निगम स्वामित्व की भूमि पर किया गया।

आवंटन में भाग लेने वाले लायसेंसीयो के द्वारा 20000/-रुपये अमानत राशि के साथ लायसेंस की छायाप्रति अग्रिम जमा करावाई गई और सभी 64 दुकानदारों को लॉटरी सिस्टम से दुकान दी गई है उक्त दुकानों की आवंटन एवं स्वीकृत/ अस्वीकृति / स्थगित करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम बुरहानपुर के पास सुरक्षित रहेगा स

इस अवसर पर एम आई सी चैयरमैन भारत इंगले,नितेश रोशन दलाल,भरत मराठे, गौरव शुक्ला , कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू , सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, इंजीनियर सौरव वर्मा ,प्रभारी संपति कर अधिकारी धीरेंद्र सिंह सिकरवार, शशिकांत पवित्रे, संजय तिवारी, राजस्व निरीक्षक निहाल गायकवाड, लिपिक सरिता गुप्ता, उदयक श्रीवास्तव, सुशील आवटे आशिफ पठान आदि अधि./ कर्म.उपस्थित थे।

## सरिता भगत बनी कांग्रेस प्रदेश महासचिव



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के द्वारा सरिता भगत को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव नियुक्त किया गया है। सरिता भगत एक समर्पित, निष्ठावान और संघर्षशील कांग्रेस कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पार्टी संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत करने,महिला सशक्तिकरण और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी कार्य किया है।उनकी इस नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू तक,ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र महाजन,नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव,हमीद कई, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह,वरिष्ठ नेता श्रीमती हर्ष देवड़ा ,प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो,योजना देवड़ा, नेपानगर की नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील ,ग्रामीण विजेता चौहान ,गेंदु बाई चौहान ,जसलीन कीर, पूर्व अध्यक्ष अजय रघुवंशी, शैली कीर ,इंद्रसेन देशमुख ,आशीष भगत ,शेख रुस्तम ,रफीकुल मोहम्मद,अजय बालापुरकर, इस्माइल अंसारी, राजेश पवार, अरुण जोशी महाराज आदि सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## थाना क्षेत्र में शाम के समय की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 09/10/2025 को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों,बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,सार्वजनिक स्थानों, होटल राज धर्मशाला आदि की औचक चैकिंग करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के लिए किया जा रहा है जागरूक।

## उचित मार्ग की तरफ बढ़ाना ही मित्रता का श्रेष्ठ एवं स्वाभाविक गुण : श्री आदित्य मुखिया



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने आज कुंता जी की स्तुति का वर्णन करते हुए बताया की कुंता जी जब प्रभु के पास गई तो प्रभु ने कहा बू आ में द्वारका जा रहा हूं तब कुंता जी ने कहा की है योगेश्वर में आपसे कुछ मांगना चाहती हूं जब प्रभु ने कहा हुआ मांग लो आप जो मांगोगे मैं वही दूंगा तब कुंता जी ने कहा मेरे भाग्य में सबसे ज्यादा दुख दे दो प्रभु ने कहा इतना बड़ा महाभारत हुआ इससे ज्यादा क्या दुख होगा ,तब कुंता जी ने कहा प्रभु मुझे मालूम है की दुख में साथ देने वाला मेरा ईश्वर मेरे साथ है नहीं तो दो हाथ वाला साड़ी खींच रहा था और हजारों हाथ से साड़ी देने वाला द्रोपती का चीर बचा रहा था तब मैंने देखा की हजार हाथ वाला जब देना शुरू करता है तो दो हाथ वाला कितना बचेयेगा यह साड़ी है की नारी है की नारी है की साड़ी है तो प्रभु ने कहा यह सुख. दुःख में अपने जो परिवार के हैं वह सही दिशा में चलने के लिए हमें प्रेरित करें तो दुःख और सुखआवे जावे नहीं।

गलत मार्ग से रोकना और उचित मार्ग की तरफबढ़ाना ही मित्रता का श्रेष्ठ एवं स्वाभाविक गुण भी है। विरोध करने वाला शत्रु नहीं अपितु गलत कार्यों का विरोध न करने वाला परम शत्रु होता है।

दुर्योधन ने चाचा विदुर की बात मान ली होती तो महाभारत नहीं होता और रावण ने भाई विभीषण की बात मानी होती तो लंका विध्वंश नहीं होता। वास्तव में सच्चा मित्र वही है जो हमारी मति सुधार दे,जीवन को श्रेष्ठ गति देते हुए गोविन्द के चरणों में रति प्रदान कर दे।

लोग सोचते हैं कि स्वजन.प्रियजन वही हैए जो प्रत्येक स्थिति में आपका साथ दें लेकिन वास्तव में सच्चे प्रियजन वही हैं जो सदैव अनुचित मार्ग से आपको बचाने का प्रयास करें।

वह व्यक्ति किंचित आपका शत्रु नहीं हो सकता जो आपको आपकी गलतियों का बार.बार स्मरण कराये अपितु वह आपका शत्रु अवश्य है जो आपके गलत दिशा में बढ़ते हुए कदमों को देखकर भी रोकने का प्रयास न करे। सौभाग्यशाली हैं वो लोग जिनके जीवन में उचित.अनुचित की परख करवाने वाले मित्र होते हैं।

## शासकीय कॉलेज में युवा उत्सव का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेपानगर में तीन दिवसीय महा विद्यालयीन स्तर पर युवा उत्सव 2025.26 वॉं शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की संरक्षक,प्राचार्य डॉण् मनीशा साकल्ले ने कहा कि युवा उत्सव प्रतिभा दिखाने का पर्व है। यह मंच अपनी इसी प्रतीभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस कॉलेज से विद्यार्थी युवा.उत्सव की समस्त 22 विद्याओं का प्रतिनिधित्व जिला स्तरीय युवा उत्सव में करेंगे। प्रतिभा का चयन करने का यह एक सुनहरा अवसर है। आज सभी को मंच मिला है। सभी विद्यार्थी अपनी.अपनी प्रतीभा से सभी को परिचित करवाएंगे। बुधवार को एकल नृत्य शास्त्रीय,समूह लोक नृत्य ,एकल गायन शास्त्रीय,एकल गायन सुगम,समूह गायन भारतीय, एकल गायन पाश्चात्य,समूह गायन पाश्चात्य, शास्त्रीय एकल वादन परकुशन व शास्त्रीय एकल वादन नान परकुशन प्रमुख रहा है।

एक नजर

**प्राकृतिक रेशों के नवाचार और आजीविका पर केंद्रित राष्ट्रीय सम्मेलन.....**

## प्राकृतिक रेशे भारत की सांस्कृतिक पहचान के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम हैं : चिटनिस







**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** नई दिल्ली स्थित भारतरत्न सी.सुब्रमण्यम सभागार में भारत को एक सूत्र में पिरोनाःप्राकृतिक रेशे, नवाचार और आजीविका.उत्तर पूर्व और उससे आगे विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस, डॉ.वर्नाली डेका आईएएस, डॉ.पी.एस.पांडे और डॉ.ए.के. सिंह मंचासीन रही। यह आयोजन भारत की समृद्ध प्राकृतिक रेशा धरोहर,नवीनतम नवाचारों और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा, जिसका प्राथमिक लक्ष्य उत्तर पूर्व भारत की अनूठी रेशा क्षमताओं को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ना था।

समारोह में विदेश मामलों और वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरिटा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागी होकर अपने सारगर्भित संबोधन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 5 एफदृष्टि पर बल देते हुए कहा कि खेत से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फेबरिक,फेबरिक से फैशन और फैशन से फॉरेन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह मॉडल एक सतत,निर्बाध और एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है, जो भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएगा।

**प्राकृतिक रेशों को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताया:**- सम्मेलन में अर्चना चिटनिस ने भारत को एक सूत्र में पिरोनाः प्राकृतिक रेशे, नवाचार और आजीविका.उत्तर पूर्व और उससे आगे विषय पर कहा कि प्राकृतिक रेशे न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक हैं,बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम भी हैं। प्राकृतिक रेशे भारत की सांस्कृतिक पहचान के साथ.साथ आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम हैं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि उत्तर.पूर्व और देश के अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक रेशों की परंपरा सदियों पुरानी हैए जिसे आधुनिक तकनीक और नवाचार से वैश्विक स्तर तक पहुँचाया जा सकता है। प्राकृतिक रेशों से न केवल पर्यावरण संरक्षण संभव है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका के लिए नई संभावनाएँ भी खोलता है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि उत्तर.पूर्व सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक रेशों की परंपरा सदियों पुरानी है, जिसे आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुँचाया जा सकता है।

उन्होंने महिला समूहों,कारीगरों और युवा उद्यमियों को इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके। प्राकृतिक रेशों के उत्पादन और उपयोग से न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है बल्कि यह आजीविका के नए अवसर भी सृजित करता है। हमें इस विरासत को सहेजते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्थायी विकास का मार्ग तैयार करना होगा।

**सम्मेलन में 19 राज्यों ने की सहभागिता:**- यह सम्मेलन डॉ. मृदुला ठाकुर प्रधान के संरक्षकत्व में आयोजित किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता डॉण् अनुपम मिश्रा ने की। जबकि संपूर्ण सम्मेलन का सफल संयोजन डॉण् ज्योति वीण् वस्त्रद द्वारा किया गया। सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापक पहुँच और भागीदारी रही। देश के 19 राज्यों से प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से इसमें हिस्सा लिया, जिनमें हाथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर,वैज्ञानिक शोधकर्ता, अकादमिक विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल थे। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में केले और पायनापल के रेशे से बने कपड़े के शर्ट और जैकेट को खूब सराहा बनाया।

इस विविध भागीदारी ने प्राकृतिक रेशों से संबंधित ज्ञान,अनुभव और नवाचारों के आदान.प्रदान के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया।

समापन उद्बोधन में डॉ.ज्योति वी.वस्त्रद ने देश की प्रगति और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने हेतु तकनीकी नवाचार और हितधारकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल प्राकृतिक रेशा परंपरा का उत्सव नहीं थाए बल्कि भविष्य में सामुदायिक और पर्यावरणीय रूप से स्थायी वस्त्र उद्योग की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। राष्ट्रीय मंच पर उत्तर पूर्व भारत की प्राकृतिक रेशों से जुड़ी संभावनाओं को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने के बाद कार्यक्रम का समापन डॉण् अनुपम मिश्रा, विभागाध्यक्ष वस्त्र और परिधान डिजाइनिंग, सीसीएस, तुरा ने आभार व्यक्त किया।